# बिहार सरकार

## लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग।

## आदेश

कार्यालय आदेश संख्या-6ए/वि01-102/2023- 89 पटना, दिनांक- 19/04/2023

लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, पटना पश्चिम, पटना अंतर्गत संवेदक श्री रजनीश वत्स, मोकामा, पटना, बिहार को कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, पटना पश्चिम के द्वारा उनके पत्रांक-2027, दिनांक-30.06.2020 से किये गये अनुशंसा के आलोक में एकरारनामा संख्या-F2-19/2018-19 के तहत आवंटित रहीमपुर परसा (वार्ड संख्या-2, 3, 4, 5, 6, 7 एवं 8) ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजना का कार्य ससमय पूर्ण नहीं करने के कारण विभागीय कार्यालय आदेश संख्या-6ए/वि01-1090/2020-208, सह पठित ज्ञापांक-2072, दिनांक-14.08.2020 द्वारा अगले निविदा में भाग लेने से वंचित किया गया था।

क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना प्रक्षेत्र-पटना के द्वारा संवेदक को उक्त एकरारनामा में दिनांक-31.03.2021 तक समयवृद्धि प्राप्त होने एवं कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, पटना पश्चिम, पटना के पत्रांक-3210 दिनांक-18.11.2022 द्वारा कार्य पूर्ण करने एवं वर्तमान में एजेंसी द्वारा योजनाओं का परिचालन एवं रख-रखाव उचित तरीके से किये जाने से संबंधित प्रतिवेदन संलग्न करते हुए क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना, प्रक्षेत्र-पटना के पत्रांक-24 दिनांक-12.01.2023 द्वारा संवेदक श्री रजनीश वत्स, मोकामा, पटना, बिहार को डिबार से मुक्त करने का प्रस्ताव समर्पित किया गया है। प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में दिनांक-03.03.2023 को इस मामले की सुनवाई की गयी।

तदोपरान्त क्षेत्रीय पदाधिकारी द्वारा किये गये अनुशंसा एवं कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, पटना पश्चिम, पटना के पत्रांक-3210 दिनांक-18.11.2022 से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर सम्यक विचारोपरांत विभागीय कार्यालय आदेश संख्या-6ए/वि01-1090/2020-208, सह पठित ज्ञापांक-2072, दिनांक-14.08.2020 द्वारा संवेदक श्री रजनीश वत्स, मोकामा, पटना, बिहार (सूचीबद्धता संख्या-10/2018) को अगले निविदा में भाग लेने से वंचित करने के आदेश को विलोपित किया जाता है।

विश्वासभाजन

17/4/23

(संजीव हंस)

प्रधान सचिव

ज्ञापांक-6ए/वि01-102/2023- 665 पटना, दिनांक- 19/04/2023

प्रतिलिपि-प्रधान सचिव/सचिव/अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना/ प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, बिहार, पटना/बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना/बुडको, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

17/4/23

(संजीव हंस)

प्रधान सचिव

Email

ज्ञापांक-6ए/वि01-102/2023- 665 पटना, दिनांक- 19/04/2023

प्रतिलिपि-सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता/सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

17/4/23

(संजीव हंस)

प्रधान सचिव

ज्ञापांक-6ए/वि01-102/2023- 665 पटना, दिनांक- 19/04/2023

प्रतिलिपि- संवेदक श्री रजनीश वत्स, मोकामा, पटना, बिहार (सूचीबद्धता संख्या-10/2018) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(संजीव हंस)
प्रधान सचिव

ज्ञापांक-6ए/वि01-102/2023- 665 पटना, दिनांक- 19/04/2023

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(संजीव हंस)
प्रधान सचिव